महाराणा प्रताप महाविद्यालय
23-12-24
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 201

## B.A. III$^{rd}$ SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## हिन्दी

## हिन्दी गद्य (प्रथम)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

Date(तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**1160**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ________________________________

Roll No. (In Words) : ________________________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट :पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'सरस्वती 'पत्रिका के संपादक थे –

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

2. 'कवि वचन सुधा ' पत्रिका का युग है –

(A) शुक्लोत्तर युग

(B) शुक्ल युग

(C) भारतेन्दु युग

(D) स्वातन्त्रयोत्तर युग

3. भारतेन्दु युग के निबंधकार हैं –

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) उपर्युक्त सभी

4. 'चन्द्रकांता उपन्यास के लेखक हैं –

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) किशोरीलाल

(C) देवकी नंदन खत्री

(D) कोई नहीं

5. 'साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है 'निबंध के लेखक हैं –

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) जय शंकर प्रसाद

6. 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका के संपादक थे।

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) लल्लू लाल

(C) इंशा अल्ला खॉ

(D) बद्दरी नारायण चौधरी 'प्रेमबन'

7. फोर्ट विलियम कॉलेज स्थित था –

(A) कलकत्ता में

(B) मद्रास में

(C) बंबई में

(D) इलाहाबाद में

8. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' ? निबन्ध भाषण के रूप में प्रस्तुत किया गया था –

(A) कुंभ के मेले में

(B) ददरी के मेले में

(C) दोनों में

(D) किसी में भी नहीं

9. 'कवि कर्त्तव्य' निबंध के लेखक हैं –

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) उपर्युक्त सभी

10. 'दुःख की श्रेणी में परिणाम के विचार से करूणा का उल्टा क्रोध है' – यह पंक्ति संबंधित है –

(A) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' से

(B) कवि कर्त्तव्य से

(C) करूणा से

(D) किसी से भी नहीं

11. 'चिन्तामणि को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने पहले किस नाम से अभिहित किया था?

(A) विचार वीथी

(B) विचार प्रवाह

(C) विचार वितर्क

(D) विचार पुंज

12. 'अशोक के फूल' निबंध के लेखक है–

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) कोई नहीं

13. 'भारतीय साहित्य में और इसलिए जीवन में भी इस पुष्प का प्रवेश और निर्गम दोनों ही विभित्र नाटकीय व्यापार है।' उक्त कथन में किस पुष्प से सम्बन्धित बात कही गयी है ?

(A) कमल के पुष्प से

(B) अशोक के पुष्प से

(C) सेमर के पुष्प से

(D) चम्पा के पुष्प से

14. सीता जंगल की सूखी लकड़ी बीनती है जलाकर अंजोर करती है और जुडवा बच्चों का मुँह देखती है – पंक्ति उद्घृत है –

(A) 'प्रिया नीलकण्ठी से

(B) अशोक के फूल से

(C) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' से

(D) कविकर्त्तव्य से

15. 'प्रिया नीलकण्ठी निबंध के लेखक हैं –

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) कुबेरनाथ राय

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

16. 'लहना सिंह' पात्र है –

(A) 'पूस की रात' का

(B) 'उसने कहा था' का

(C) 'पाजेब 'का

(D) 'अमृतसर आ गया ' का

17. चन्द्रधर गुलेरी की कहानी नही है।

(A) सुखमय जीवन

(B) घासवाली

(C) बुद्धू का काँटा

(D) उसने कहा था

18. 'ला दे दे गर्दन तो किसी तरह से बचे। कंबल के लिए कोई दूसरी तदबीर सोचूँगा' कथन है :

(A) हल्कू का

(B) मुन्नी का

(C) सहना का

(D) किसी का नहीं

19. 'कविता का लक्षण जहाँ कहीं पाया जाय, चाहे वह गद्य में हो या पद्य में वही काव्य है' – कथन है–

(A) रामचन्द्र शुक्ल का

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी का

(D) कोई नहीं

20. 'तुम अबकी खेती छोड़ दो' कथन है –

(A) सहना का

(B) मुन्नी का

(C) जबरा का

(D) हल्कू का

21. 'रोज' कहानी की प्रमुख स्त्री पात्र है –

(A) सुबेदारनी

(B) मुन्नी

(C) मालती

(D) कोई नहीं

22. 'चौधरी परिबख्श' पात्र है –

(A) पाजेब कहानी के

(B) पूस की रात कहानी के

(C) परदा कहानी के

(D) 'संवदिया' कहानी के

23. 'आजकल की तालीम माँ – बाप पर खर्च के बोझ के सिवा और है क्या ? में 'तालीम' का अर्थ है –

(A) शिक्षा

(B) दीक्षा

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. आंचलिक कथाकार के रूप में जाने जाते है –

(A) प्रेमचन्द

(B) फणीश्वर नाथ रेणु

(C) जैनेन्द्र

(D) यशपाल

25. 'संवदिया' कहानी में संवदिया का नाम है –

(A) चौधरी पीर बख्श

(B) गजाधर बाबू

(C) लहना सिंह

(D) हरगोबिन

26. 'कर्मभूमि ' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष है –

(A) सन् 1925

(B) सन् 1927

(C) सन् 1932

(D) सन् 1936

27. 'आदर्शोन्मुख यथार्थवाद' के लेखक माने जाते है –

(A) यशपाल

(B) प्रेमचन्द

(C) जैनेन्द्र

(D) रेणु

28. 'कर्मभूमि' उपन्यास का पात्र नहीं है –

(A) समरकान्त

(B) सलीम

(C) अमरकान्त

(D) जालपा

29. कर्मभूमि उपन्यास का उद्देश्य है –

(A) अछूतो और किसानों का उद्धार

(B) दम्भी एवं विलासी व्यक्तियो के जीवन तथा चरित्र में परिवर्तन लाना

(C) धार्मिक पाखण्ड का विरोध

(D) उपर्युक्त सभी

30. इनमें से कौन मनोविश्लेषणवादी कलाकार माने जाते है ?

(A) फणीश्वर नाथ रेणु

(B) जैनेन्द्र

(C) राजेन्द्र यादव

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

31. इनमें से कौन – सी पुस्तक रामचन्द्र तिवारी द्वारा रचित है ?

(A) हिन्दी का गद्य साहित्य

(B) हिन्दी निबंध और निबंधकार

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

32. "गद्य और पद्य दोनों में ही कविता हो सकती है। यह समझना अज्ञानता की पराकाष्ठा है कि जो छन्दोबद्ध है, सभी काव्य है।" उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचना की है ?

(A) करूणा

(B) कवि–कर्त्तव्य

(C) संवदिया

(D) पूस की रात

33. इनमें से प्रेमचंद की कहानी कौन सी है ?

(A) पूस की रात

(B) कफन

(C) सदगति

(D) ये सभी

34. "कविता का विषय मनोरंजक और उपदेशपरक होना चाहिए" यह महत्वपूर्ण कथन किस विद्वान का है ?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) आचार्य नन्द दुलारे बाजपेयी

35. 'कवि – कर्त्तव्य ' किस विधा की रचना है ?

(A) कहानी

(B) नाटक

(C) निबंध

(D) उपन्यास

36. 'करूणा' किस शैली का निबंध है ?

(A) साहित्यिक समीक्षा संबंधी

(B) भाव या मनोविकार

(C) प्रगतिवादी

(D) ये सभी

37. इनमें से कौन ललित निबंधकार नहीं है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) कुबेरनाथ राय

(D) मुक्तिबोध

38. मुन्नी के लिए 'पाजेब' कौन लाया था ?

(A) चाचा

(B) मामा

(C) नाना

(D) बुआ

39. असहाय और सहनशील नारीमन, उसके दुःख , पीड़ा और करूणा की अभिव्यक्ति किस कहानी में हुई है ?

(A) पाजेब

(B) उसने कहा था

(C) संवदिया

(D) इन सभी में

40. पीढ़ीगत द्वंद्व और अंतराल को रेखांकित करने वाली कहानी है।

(A) घासवाला

(B) वापसी

(C) पाजेब

(D) रोज

41. 'कर्मभूमि' उपन्यास में किस दर्शन की अभिव्यक्ति है ?

(A) चार्वाक दर्शन

(B) मार्क्सवादी दर्शन

(C) बौद्ध दर्शन

(D) गांधीवादी दर्शन

42. ''कृषि प्रधान देश में खेती केवल जीविका का साधन नही है सम्मान की वस्तु भी है'' ये पंक्तियाँ किस कृति की है ?

(A) कर्मभूमि

(B) रंगभूमि

(C) पूस की रात

(D) वापसी

43. इनमें से कौन सी रचना कहानी नही है ?

(A) वापसी

(B) करूणा

(C) रोज

(D) संवदिया

44. ''प्रेमी को यह विश्वास कभी नही होता कि उसके प्रिय के सुख का ध्यान जितना वह रखता है उतना संसार में कोई और भी रख सकता है। '' प्रस्तुत पंक्तियां किस रचना से ली गई है ?

(A) करूणा

(B) कवि कर्त्तव्य

(C) रोज

(D) पाजेब

45. "कैसे मंगलमय प्रभात की कल्पना थी और कैसी अंधेरी कालरात्रि आ गई है ? एक दूसरे को देखने से डर लगता है। घर मसान हो गया है, अपने ही लोग भूत– प्रेत बन गए है पेड़ सूख गए है लताएं कुम्हला गई है। " ये पंक्तियां किस रचना से उद्धृत है ?

(A) वापसी

(B) करूणा

(C) कवि कर्त्तव्य

(D) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

46. "अपने देश की सब प्रकार से उन्नति करो। जिसमें तुम्हारी भलाई हो वैसी ही किताब पढ़ो । वैसा ही खेल खेलो, वैसी बातचीत करो। " उपरोक्त पंक्तियां किस रचना की है ?

(A) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है

(B) करूणा

(C) प्रिया नीलकंठी

(D) कवि कर्त्तव्य

47. 'स्त्री जीवन की एकरसता और यांत्रिकता ' को अभिव्यक्त करने वाली कहानी का नाम है ?

(A) संवदिया

(B) पूस की रात

(C) रोज

(D) वापसी

48. आशुतोष और मुन्नी किस कहानी के पात्र है ?

(A) रोज

(B) वापसी

(C) पाजेब

(D) पूस की रात

49. 'चिन्तामणि भाग 1' किस प्रसिद्ध रचनाकार के निबंधों का संग्रह है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) विद्या निवास मिश्र

(D) अज्ञेय

50. "जाहिल भीड़ ने घृणा और शर्म से आँखे फेर ली। उस नग्नता की झलक से खान की कठोरता भी पिघल गई।" ये पंक्तियां किस कहानी का अंश है ?

(A) परदा

(B) वापसी

(C) रोज

(D) संवदिया

*****